| QP Code:D136667 | Total Pages: 3 | Name:<br>Register No. |
|---|---|---|

**FIRST SEMESTER FIVE YEAR INTEGRATED P.G. (FYIP-CBCSS) REGULAR EXAMINATION NOVEMBER 2025**

**COMMON PAPER**

**Course Code & Course Title: HIN01IA102(2) AEC 2 - HINDI BHASHA MEIN SANCHAR AUR RACHANATMAK LEKHAN – BHAG I**

**2025 Admissions**

| **Maximum Time: One Hour and a Half** | **Maximum Marks :50** |
|---|---|

**खंड क**

**I.** निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का **2** अंक है, अधिकतम **16** अंक मिल सकते हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | भारतीय संविधान सभा की पहली बैठक कब हुई? |
| 2 | गीतांजलि श्री को अपनी रचना 'रेत समाधि' के लिए कौन - सा पुरस्कार प्राप्त हुआ? |
| 3 | भारत के संविधान का मूल आधार किसे माना जाता है? |
| 4 | 'दो कलाकार' की रचना किसने की ? यह किस विधा की रचना है ? |
| 5 | 'संध्या सुंदरी' कविता का केंद्र भाव स्पष्ट कीजिए । |
| 6 | 'बास' कहानी के शीर्षक का प्रतीकात्मक अर्थ क्या है? |
| 7 | निम्न लिखित खंड से कर्ता, कर्म, और क्रिया को चुनिए :<br>माँ ने भी उन्हें जलाने की कसम खाई हुई थी। उनकी इस घोषणा के साथ-साथ माँ छींके पर से आलू उतार कर काटने लगतीं। दादी एक बार फिर गालियों की बौछार करती हुई, मुझे माँ के पास से छीन कर पूजावाली कोठरी में आ जातीं। मैं उनका ध चक-धचक चलना देखती और मज़ा लेती। दादी के गुस्से के बारे में मुझे सिर्फ इतना पता था कि अगर वे पूजाघर में आकर धूप जलायें तो समझो गुस्सा उतरने ही वाला है। |
| 8 | निम्न लिखित वाक्यों का संशोधन कीजिए :<br>(क) ऐसी स्थिति में तुमने क्या करना है ?<br>(ख) हम दोनों वह समय छत पर बैठे थे।<br>(ग) अब हम धरती में कभी नहीं लौटेंगे ।<br>(घ) दो तम्बू और एक झोंपडी जल गई । |
| 9 | निम्न लिखित खंड से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण को चुनकर लिखिए :<br>हम लोग कभी-कभी विश्रामघाट जाते थे। वहाँ औंधे पड़े कछुए देखकर मुझे डर लगता और मज़ा भी आता। दादी उन्हें दूर भगा देतीं और देर तक नहातीं । वहाँ उनकी कुछेक सहेलियाँ |

| | |
|---|---|
| | मिल जातीं। कपड़े बदलते, माला फेरते दुनिया जहान की बातें कर ली जातीं। ऐसी बातचीत के दौरान ही दादी को मनसा ने बताया कि डैम्पियर पार्क में एक बड़ा लायक डॉक्टर आया है, वकीलनी की टाँग ऐसी ठीक की है कि कल तक बिस्तर पर हाय-हाय चिल्लाने वाली वकीलनी आज बगड दगड़ करती फिर रही है। |
| 10 | हिन्दी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए :<br>(क) कई चुनिन्दा बड़े ग्राहकों से बात हुई है ।<br>(ख) इशारा हुआ और मीटिंग समाप्त हो गई । |
| | **(16 marks)** |
| | **खंड ख** |
| **II.** निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का **6** अंक है, अधिकतम **24** अंक मिल सकते हैं: | |
| 11 | मार्तण्ड और चूडामणि के बीच का संबंध स्पष्ट कीजिए । |
| 12 | "दरबों में बंद कर दिया है सरकार ने । पता है क्यों? ताकि गरीबी की बास बाहर न जाए।" - इसका सन्दर्भ स्पष्ट कीजिए । |
| 13 | "मधुर-मधुर हैं दोनों उसके अधर,<br>किंतु गंभीर, नहीं है उसमें हास-विलास ।<br>हँसता है तो केवल तारा एक-<br>गुंथा हुआ उन घुँघराले काले-काले बालों से, हृदय राज्य की रानी का वह करता है अभिषेक।'' - इन पक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए । |
| 14 | नूतन और पंपोश अमर प्राणी कैसे बन जाते हैं ? |
| 15 | संक्षेपण कीजिए ।<br>हमारी झोंपड़ी के सामने थोड़ी-सी खुली जगह थी, जहाँ संतोष ने करेले की बेल लगा दी थी और खपचियों से बाँध के दीवार-सी खड़ी कर ली थी। उससे साथ की झोंपड़ी भी अलग हो गई थी। लेकिन बेल तो बेल ही थी। जहाँ साथ वाले को (पड़ोसी को) दो करेले लटकते नज़र आए, वहीं कपड़े धोने के बहाने बाल्टी पानी की रखी और मौका पाते ही हाथ डालकर करेले चुरा लिए और पानी की बाल्टी में ही कपड़ों के नीचे रख के अंदर ले आए। चार आलू और ढेर-सी लाल मिर्ची डाल के भून लिए, खुशबू तक नहीं उड़ती थी करेले की। कैसे जान पाती संतोषी! मगर उसे शक तो हुआ था। इसीलिए जब रज्जब अली का गैरज गिराया था मुंसपालटी ने, तो संतोषी का खसम पतले टीन की चादर उठा लाया था और बाँस की खपचियों के पीछे ऐसे खड़ी कर दी कि सारी बेल ही छुप गई। इसीलिए तो संतोषी के यहाँ से कभी-कभी करेलों की खुशबू भी आ जाती थी। उसे लाल मिर्ची से छुपानी नहीं पड़ती थी। |
| | **(24 marks)** |

| खंड ग | |
|---|---|
| III. | निम्न लिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 10 अंक है: |
| 16 | 'दो कलाकार' नाटक की कथावस्तु का विश्लेषण कीजिए। |
| 17 | 'निद्राखोर' कहानी के केंद्र तत्व पर प्रकाश डालिए । |

**(1 × 10 = 10 marks)**



1143 1143 1143